OCT – 2025 (JULY – SEP) 2025)
Vol. SHQ-BSGUP -018

# BHARAT SCOUT & GUIDE
## UTTAR PRADESH

# "तेजल"
## त्रैमासिक पत्रिका

THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES
19th NATIONAL JAMBOREE
GRAND FINALE OF THE DIAMOND JUBILEE
Viksit Yuva-Viksit Bharat







State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! प्रादेशिक अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
पूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! प्रादेशिक मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
पूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

## संपादक मण्डल

❑ **संरक्षक**

**डॉ० महेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **मुख्य सम्पादक**

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सलाहकार**

**डॉ० राजेश मिश्रा**
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सम्पादक**

**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **डिज़ाइन एवं तकनीक**

**अदनान हाशमी**
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
**सूरज कुमार**
कार्यालय सहायक
**सम्भव श्रीवास्तव**
आई०टी० सहायक
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०



**"I believe that God put us in this jolly world to be happy and enjoy life"**

*- Lord Robert Baden-Powell*

## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 3
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 6
❖ बी०एस०जी० ज्ञान क्विज़ - 14
❖ विज्ञापन - 15



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...



**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**

**प्रिय साथियों,**

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की त्रैमासिक पत्रिका **"तेजल"** के **जुलाई–सितम्बर 2025** अंक के प्रकाशन पर आप सभी को हार्दिक बधाई!

यह अंक वर्ष 2025 की निरंतर प्रगति, उपलब्धियों एवं नवाचारों का सशक्त प्रतिबिंब है। इस अवधि में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश ने माननीय अध्यक्ष डॉ० महेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अर्जित की हैं, जो संस्था की सुदृढ़ दिशा एवं सक्रियता को दर्शाती हैं।

इस तिमाही की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, **19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के सफल आयोजन हेतु जम्बूरी स्थल का भूमि पूजन दिनांक 29 सितम्बर 2025 को विधिवत संपन्न किया गया**, जो इस ऐतिहासिक आयोजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह आयोजन प्रदेश के स्काउट/गाइड आन्दोलन को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान करेगा।

इसके साथ ही, **31 अगस्त 2025 को उत्तर प्रदेश की शान को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाते हुए हमारे स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने देश का सर्वोच्च सम्मान — "राष्ट्रपति पुरस्कार" — प्राप्त किया।** यह उपलब्धि उनके समर्पण, अनुशासन एवं उत्कृष्ट सेवा भावना का प्रतीक है तथा समस्त प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का सफल आयोजन निरंतर जारी है, जिससे युवाओं में नेतृत्व क्षमता, साहस एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास हो रहा है। साथ ही, प्रादेशिक मुख्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्रों में आधुनिक सुविधाओं के विस्तार से कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बन रही है।

विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों को स्काउट/गाइड जनपद के रूप में विकसित करने की पहल भी सतत प्रगति पर है, जिससे युवाओं की सहभागिता में निरंतर वृद्धि हो रही है।

यद्यपि हम अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त कर चुके हैं, फिर भी हमारा लक्ष्य अभी शेष है। प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय एवं शिक्षण संस्थान को स्काउट/गाइड आन्दोलन से जोड़ना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में हम सभी के सामूहिक प्रयास ही हमें सफलता की ओर अग्रसर करेंगे अतः मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग, समर्पण एवं अथक प्रयासों से हम अपने उद्देश्यों को शीघ्र ही प्राप्त करेंगे और संस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे।

अंत में, मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूँ कि इसी उत्साह, सेवा भाव एवं प्रतिबद्धता के साथ आगे भी कार्य करते रहें।

**आप सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।**

**डॉ० प्रभात कुमार**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

# प्रादेशिक कार्यक्रम

## हिमालय वुड बैज – 27 जून से 04 जुलाई 2025

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के **प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज** के तत्वाधान में दिनांक **27 जून से 04 जुलाई 2025** तक **हिमालय वुड बैज कोर्स** (स्काउट/गाइड एवं रोवर/रेंजर) का सफल आयोजन किया गया | इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से यूनिट लीडर ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया |



## एक पेड़ माँ के नाम – 09 जुलाई 2025

**"एक पेड़ माँ के नाम 2.0"** दिनांक **09 जुलाई 2025** को भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ में **"एक पेड़ माँ के नाम 2.0"** अभियान के अंतर्गत भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की **प्रादेशिक आयुक्त (गाइड) ललिता प्रदीप** जी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के **माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ** जी की प्रेरणा से पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ समर्पण की भावना को समर्पित है। माँ के नाम एक पेड़ लगाकर न केवल प्रकृति को समर्पण, बल्कि भावनात्मक संबंधों को भी सम्मान देने का यह एक सुंदर प्रयास है।



## जम्बूरी की तैयारी हेतु बैठक

भारत स्काउट और गाइड की **19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी** के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भारत स्काउट और गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में किया गया। जिसमें जम्बूरी की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक राष्ट्रीय मुख्यायुक्त **डॉ० के०के० खंडेलवाल,** प्रादेशिक मुख्यायुक्त, उत्तर प्रदेश **डॉ० प्रभात कुमार** के नेतृत्व में संपन्न हुई।



## राष्ट्रपति पुरस्कार रैली

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा 31 अगस्त 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में दोपहर 2 बजे **राष्ट्रपति पुरस्कार वितरण रैली** का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन देशभर के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स के उत्कृष्ट योगदान एवं उपलब्धियों को सम्मानित करने हेतु आयोजित किया गया।

इस गरिमामय अवसर पर भारत सरकार के माननीय श्रम एवं युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के मंत्री **डॉ. मनसुख मंडाविया** मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर को **"राष्ट्रपति पुरस्कार"** प्रदान किया।



## जम्बूरी स्थल का निरीक्षण

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित होने वाली **19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी** की तैयारियाँ पूरे उत्साह एवं भव्यता के साथ जारी हैं। इसी क्रम में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त **डॉ० प्रभात कुमार** जी ने जम्बूरी ग्राउंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान जम्बूरी स्थल पर चल रहे विभिन्न कार्यों—जैसे आधारभूत संरचना, आवास व्यवस्था, स्वच्छता, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं—का गहन अवलोकन किया गया।



## जम्बूरी स्थल का भूमि पूजन

**19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी** हेतु टेंट सिटी का भूमि पूजन सम्पन्न **29 सितम्बर 2025** भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित होने वाली 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी एवं ग्राण्ड फिनाले डायमण्ड जुबली जम्बूरी के लिए विकसित की जा रही टेंट सिटी का भूमि पूजन आज डिफेन्स एक्सपो ग्राउंड, वृन्दावन योजना, सेक्टर-15, लखनऊ में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री वित्त उत्तर प्रदेश, उपस्थित रहे। इस अवसर पर संदीप सिंह, राज्य मंत्री, बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, गुलाब देवी, राज्य मंत्री, डॉ. महेन्द्र सिंह, अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश तथा डॉ. प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त, पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा उ० प्र० विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# जनपदीय कार्यक्रम

## मण्डल – लखनऊ

### जनपद – लखनऊ




भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जनपद लखनऊ में बेसिक स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन एवं एडवांस स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन कोर्स दिनांक 1 अगस्त से 7 अगस्त 2025 की अवधि में श्री योगेश्वर ऋषिकुल इंटर कॉलेज, लखनऊ तथा आवासीय व्यवस्था राजकुमार अकैडमी में की गई। बेसिक स्काउट मास्टर लीडर ऑफ़ द कोर्स श्री आशीष पांडे, बेसिक गाइड कैप्टन कोर्स लीडर ऑफ़ द कोर्स श्रीमती ज्योति, एडवांस स्काउट मास्टर कोर्स लीडर ऑफ़ द कोर्स श्री कमल सिंह, एडवांस गाइड कैप्टन कोर्स लीडर ऑफ़ द कोर्स श्रीमती नीता त्रिपाठी के साथ प्रादेशिक मुख्यालय से सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर लखनऊ मंडल पूनम संधू के नेतृत्व में संपन्न किया गया।

### जनपद – हरदोई






भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में लखनऊ मंडल के जनपद हरदोई में दिनांक 09.09.2025 से 15.09.2025 की अवधि में राजकीय इंटर कॉलेज, बेगमगंज, संडीला में बेसिक स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन एवं एडवांस स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कोर्स संपन्न किया गया। बेसिक स्काउट मास्टर के लीडर ऑफ़ द कोर्स श्री दिनेश यादव तथा एडवांस स्काउट मास्टर कोर्स के लीडर ऑफ़ द कोर्स श्री विजय शर्मा, बेसिक गाइड कैप्टन कोर्स की लीडर ऑफ़ द कोर्स श्रीमती केसरी मिश्रा तथा एडवांस् गाइड कैप्टन कोर्स की लीडर ऑफ़ द कोर्स श्रीमती भानुमती तथा सहायक के रूप में श्रीमती रेनू प्रदेश मुख्यालय द्वारा नियुक्त की गई है। स्कीम ऑफ़ द ट्रेनिंग के अनुसार प्रशिक्षण संपन्न कराया जा रहा है। जिला मुख्यालायुक्त ने शिविर से संबंधित व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा सभी को अपना उद्बोधन दिया। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर, लखनऊ मंडल पूनम संधू ने निरीक्षण किया।

### जनपद – लखीमपुर खीरी

02 जुलाई 2025 को भारत स्काउट एंड गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद- लखीमपुर की जिला परिषद बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीएम एवं परिषद की अध्यक्ष दुर्गा शक्ति नागपाल ने की। इस दौरान उन्होंने वार्षिक कार्यक्रम पत्रिका का विमोचन भी किया।
बैठक में वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुमोदन, वार्षिक आयव्यय प्रस्तुतीकरण, वर्ष 2025-26 के प्रशिक्षण व कार्यक्रमों के अनुमोदन समेत कुल 11 एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा और अनुमोदन किया गया। जिला कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक का संचालन जिला सचिव डॉ केसी मिश्रा एवं पर्यवेक्षण सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त लखनऊ मंडल पूनम संधू ने किया। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, स्काउट सचिव केसी मिश्र सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने स्काउट-गाइड गतिविधियों के विस्तार और सामाजिक अभियानों में सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया।




### जनपद - लखनऊ

13 अगस्त 2025 "हर घर तिरंगा अभियान" तथा राष्ट्र प्रेम से ओत-प्रोत की भावना को जागृत करने हेतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के दिशा निर्देशन में भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद लखनऊ में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आज प्रातः 8:00 बजे कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। लंबी लंबी दो कतारों में खड़े स्काउट्स, गाइड्स और लीडर्स के आगे उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने हरी झंडी देकर इस तिरंगा यात्रा को आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा स्काउट के बच्चों के साथ स्वयं सेल्फी लूंगा। उक्त तिरंगा यात्रा में उनके साथ डिप्टी सीएम श्री बृजेश पाठक, डिप्टी सीएम श्री केशव प्रसाद मौर्य साथ में उपस्थित रहे। जिला संस्था जनपद लखनऊ के समस्त पदाधिकारी गण लीडर्स भी इस भव्य तिरंगा शोभायात्रा में शामिल रहे। स्काउट और गाइड कदम से कदम मिलाते एवं अनुशासन में रहते हुए इस तिरंगा यात्रा का हिस्सा बने।



# मण्डल – मेरठ

## जनपद – मेरठ




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सात दिवसीय बेसिक एवं एडवांस स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कोर्स का आयोजन 8 से 14 सितम्बर 2025 तक स्काउट भवन, मेरठ में किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्य आयुक्त श्रीमती रेखा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण के साथ हुआ। प्रशिक्षण शिविर में निर्धारित नियमों के अनुसार सभी विषयों का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। समापन समारोह 14 सितम्बर को आयोजित हुआ, जिसमें जिला संस्था के पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके विद्यालयों एवं प्रधानाचार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रादेशिक संस्था की ओर से सभी शिविर संचालकों, सहायक स्टाफ एवं संबंधित जिला इकाइयों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## जनपद – बुलंदशहर






19 सितम्बर 2025 प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनपद में भूकम्प, औद्योगिक एवं अग्नि सुरक्षा को लेकर चार स्थानों पर आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी (एफ.आर.) अभिषेक कुमार सिंह के समन्वय में सम्पन्न हुआ।

मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित समन्वय, बचाव कार्यों का अभ्यास एवं आमजन को जागरूक करना रहा। मुख्य आयोजन एमएमआर सनसिटी मॉल में हुआ, जहां स्काउट-गाइड्स, रोवर्स-रेंजर्स, पुलिस, फायर, एनसीसी, एनएसएस व अन्य विभागों ने संयुक्त रूप से भाग लिया और रेस्क्यू व प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन किया।

इसके अलावा सिकंदराबाद, खुर्जा एवं डिबाई में भी सफलतापूर्वक अभ्यास कराया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे आपदा से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

## जनपद – गाज़ियाबाद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तर प्रदेश – जिला गाजियाबाद द्वारा 15 जुलाई को बेगिनर्स कोर्स एवं यूनिट लीडर (OYMS) कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शंभू दयाल इंटर कॉलेज, गाजियाबाद में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के 56 यूनिट लीडर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मुख्यायुक्त द्वारा किया गया। बेगिनर्स कोर्स के माध्यम से शिक्षकों को स्काउटिंग की मूलभूत जानकारी प्रदान की गई, जबकि OYMS कार्यशाला में विद्यालयों के पंजीकरण की प्रक्रिया तथा बच्चों का UID बनाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यह कार्यशाला प्रशासनिक दक्षता और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही। यह कार्यक्रम नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों, कौशल विकास और व्यक्तिगत उन्नति को सभी आयु वर्गों में सशक्त बनाता है। जिला यूनिट लीडर्स युवा सशक्तिकरण और सहभागिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके मार्गदर्शन से युवा न केवल स्काउटिंग के सक्रिय सदस्य बनते हैं।






## जनपद – हापुड़

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद हापुड़ में राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन दिनांक 29/08/2025 से 01/09/2025 तक राजकुमार गोयल गर्ल्स महाविद्यालय गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ में हुआ। थाना प्रभारी श्री संजय कुमार, मेरठ मण्डल के सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर श्री अमित कुमार, जिला कोषाध्यक्ष, जिला संगठन आयुक्त स्काउट/गाइड उपस्थित रहे। थाना प्रभारी जी ने सभी विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया और दूरभाष नंबर का भी जिक्र किया ताकि आने वाले समय में सभी लोग इसके प्रति सजग रहे हैं और साइबर क्राइम से बच्चे घरेलू हिंसा एंबुलेंस आदि विषय पर भी विस्तृत चर्चा की सभी प्रतिभागियों को राज्य पुरस्कार जांच शिविर में सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं प्रेषित की।



# मण्डल – देवीपाटन

## जनपद – गोंडा




भारत स्काउट और गाइड उ. प्र. के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन एवं प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशानुसार जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज गोंडा के सभागार में दिनांक 12 अगस्त 2025 को बिगिनर्स कोर्स का आयोजन स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया । कोर्स का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्य आयुक्त श्री रामचंद्र जी ने किया | सहायक प्रादेशिक संगठन देवीपाटन मंडल श्री राकेश सैनी जी ने पंजीकरण /नवीनीकरण, प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रम एडवेंचर एवं ग्रैंड फिनाले जंबूरी के संबंध में अवगत कराया। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रामचंद्र जी ने जनपद के समस्त विद्यालय में यूनिट का गठन करना तथा यूनिट लीडरों का प्रशिक्षण करने और स्काउटिंग के क्षेत्र में निरंतर सामाजिक कार्य करने हेतु प्रेरित किया। तथा जनपद से जंबूरी में सत प्रतिशत प्रतिभागीता किए जाने का निर्देश दिया । तथा बेसिक शिक्षा परिषद से अधिक प्रतिभागिता पर जिला स्काउट मास्टर राजेश मिश्रा जी के कार्यों की जनपद पदाधिकारी ने प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) ज्ञानेश गुप्ता ने किया | इस अवसर पर सहायक जिला कमिश्नर (स्काउट) रफीउल्ला, जिला कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र जायसवाल तथा प्रशिक्षक के रूप में सहायक कमिश्नर चंद्रशेखर , जिला कमिश्नर कब व जिला स्काउट मास्टर राजेश कुमार मिश्रा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त आस्था मिश्रा, रोहित पांडे आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया ।

## जनपद – बहराइच




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बहराइच में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया| पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आज जनपद बहराइच में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्य आयुक्त श्री सर्वदानंद तथा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त देवीपाटन मंडल श्री राकेश सैनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान स्काउट भवन एवं विभिन्न राजकीय विद्यालय परिसरों में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उपस्थित सभी लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं |

## जनपद - श्रावस्ती

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में दिनांक 28 अगस्त 2025 को जनपद श्रावस्ती में एक दिवसीय बिगिनर्स कोर्स सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को स्काउट-गाइड की मूलभूत जानकारियाँ एवं आवश्यक कौशल सिखाए गए। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।




## जनपद – बलरामपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जनपद बलरामपुर में जिला कार्यकारिणी बैठक एवं प्रधानाचार्य कार्यशाला सम्पन्न हुई | 27 अगस्त 2025 भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद बलरामपुर में जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रधानाचार्यों की कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्काउट-गाइड गतिविधियों को जनपद में और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाना, विद्यालय स्तर पर सहभागिता बढ़ाना तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु योजनाओं को गति प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्काउट-गाइड आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों से आह्वान किया | जिला कार्यकारिणी बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें सदस्यता वृद्धि, प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, आगामी शिविरों की रूपरेखा, विद्यालयों में स्काउट-गाइड इकाइयों का गठन एवं सुदृढ़ीकरण, तथा राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनपद की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, स्काउट-गाइड गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन एवं सामाजिक सेवा से जुड़े अभियानों को और व्यापक बनाने की रणनीति भी तैयार की गई।



## मण्डल – आगरा

### जनपद – मथुरा



भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० जनपद मथुरा के तत्वावधान में जिला मुख्यायुक्त डॉ कमल कौशिक के निर्देशन में व जिला सचिव जोगेन्द्र सिंह एवं जिला संगठन कमिश्नर स्काउट अशोक कुमार सोलंकी के संयोजकत्व में प्रति वर्ष की भाँति भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के महापर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण जन्मभूमि स्थल पर दूर दराज से आये सभी श्रध्दालुओं का उचित मार्गदर्शन कर सेवा कार्य किया। भूले भटके श्रध्दालुओं को उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाया गया। स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा स्काउट गाइड द्वारा किये गए सेवा कार्य की सराहना की। भारी भीड़ के मध्य स्काउट गाइड के पदाधिकारियों व बच्चों ने श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### जनपद – आगरा

आज दिनांक 11/08/2025 को पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगरिया ताजपुर में भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के जनक पंडित श्रीराम बाजपेई के जन्मदिन के उपलक्ष में विद्यालय की यूनिट लीडर श्रीमती रेनू भारद्वाज के नेतृत्व में विद्यालय की गाइड्स ने रंगारग कार्यक्रम प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संचालन गाइड कुमारी सुहाना ने किया कार्यक्रम में सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश में स्काउटिंग के जनक पंडित श्रीराम बाजपेई की जीवनी तथा उनके स्काउटिंग के प्रति समर्पित भाव की चर्चा करते हुए की गई। तत्पश्चात बच्चों ने कई कार्यक्रम पेश किए विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री हीलेंद्र शर्मा ने दुर्गा शक्ति गाइड कंपनी द्वारा किए गए कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी बच्चों को भविष्य में स्काउट गाइड में निरंतर अपना योगदान देने का आह्वान किया स्काउट गाइड के महत्व को बताते हुए विषम परिस्थितियों में इसकी उपयोगिता को बताया यूनिट की गाइड द्वारा प्रधानाध्यापक व यूनिट लीडर श्रीमती रेनू भारद्वाज को बैज लगाकर उनका सम्मान किया श्री राम बाजपेई जी के जन्मदिन समारोह में प्रतिभाग करते हुए ग्राम प्रधान ने दुर्गा शक्ति गाइड कंपनी द्वारा वर्ष भर चलाए गए कार्यक्रमों की सराहना करते हुए विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत किया अंत में स्काउट और गाइड द्वारा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया |

### जनपद – मैनपुरी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मैनपुरी पर चल रहे पांच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर के अंतिम दिन सभी बच्चों ने पूर्ण मनोयोग से अपने अपने तंबू का निर्माण किया बिना बर्तन के भोजन बनाया जिसका निरीक्षण जिला मुख्यायुक्त एवं मुख्य विकास अधिकारी मैनपुरी में किया और उनके कार्य की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गत वर्ष के राज्य पुरस्कार प्राप्त बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। मुख्य विकास अधिकारी के आगमन पर श्रीमती कुसुम चौहान ने बुके प्रदान तथा स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया साथ ही संस्था के सभी पदाधिकारी पूर्व अध्यक्ष पूर्व मुख्य आयुक्त एवं पूर्व आयुक्त स्काउट, एवं संस्था के सचिव डॉ दिनेश कुमार को भी स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया। उक्त जांच शिविर में 153 स्काउट्स, 58 गाइड्स के साथ 10 स्काउट्स गाइड्स ने स्वतंत्र दल से प्रतिभाग किया।



## मण्डल – कानपुर

### जनपद – इटावा




प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ द्वारा वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2025 -26 मे निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला मुख्य आयुक्त श्री अतुल कुमार सिंह एवं जिला सचिव श्री रविंद्र सिंह यादव भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद इटावा के निर्देशन तथा श्री मयंक शर्मा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर की उपस्थिति में जन सहयोगी बालिका इंटर कॉलेज बसरेहर इटावा में दिनांक 9 सितंबर 2025 से 13 सितंबर 2025 तक प्रथम द्वितीय एवं तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन डॉ सुनील कुमार सिंह जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स एवं शशि प्रभा जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स के नेतृत्व में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ वंदना मिश्रा के संरक्षण में किया गया | जिसका निरीक्षण विद्यालय के संरक्षक डॉ अजट सिंह यादव डॉ मुकेश यादव तथा डॉ गौरव यादव द्वारा किया गया इस अवसर पर स्काउट मास्टर विनोद कुमार शर्मा एवं गाइड कैप्टन अनुपम यादव तथा बबीता यादव का सहयोग रहा इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे

## मण्डल – आजमगढ़

### जनपद – बलिया





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में तथा मुख्य विकास अधिकारी/जिला मुख्यायुक्त बलिया ओजस्वी राज के निर्देशन में जननायक चन्द्रशेखर एजुकेशन एकेडमी एवं ट्रेनिंग सेंटर मिड्ढा बलिया पर वयस्क स्काउटिंग/गाइडिंग प्रशिक्षण के तहत सात दिवसीय बेसिक एवं एडवांस स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कोर्स का प्रशिक्षण दिनांक 8 सितम्बर से 14 सितम्बर 2025 तक आयोजित हुआ। इस कोर्स में आजमगढ़, मऊ और बलिया से पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक व इण्टर कालेज के राजकीय, शासकीय सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों व स्वतंत्र दलों के 91 यूनिट लीडर्स ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के छठवें दिन ग्रैंड कैंम्फायर के अवसर पर मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक मंडल आजमगढ़ नवल किशोर जी व विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता जी रहे। मुख्य अतिथि महोदय एवं विशिष्ट अतिथि महोदय का स्वागत सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर शैलेश प्रकाश व जिला कमिश्नर डॉ विश्व रंजन सिंह ने पुष्प गुच्छ, अंगबस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

### जनपद – आजमगढ़



दिनांक 24 से 30 सितम्बर 2025 तक महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शिबली नेशनल कॉलेज, आजमगढ़ में प्रथम बेसिक कोर्स फॉर रोवर/रेंजर लीडर का सफल आयोजन किया गया । सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को रोवर-रेंजर नेतृत्व, संगठन संचालन एवं स्काउटिंग की मूलभूत जानकारियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कोर्स का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### जनपद – मऊ





आज भारत स्काउट और गाइड जनपद संस्था मऊ की कार्यकारिणी की बैठक देव भास्कर तिवारी जिला मुख्यायुक्त एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में डीएवी इंटर कॉलेज मऊ के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में इस वर्ष में होने वाले भावी कार्यक्रम के साथ-साथ, जनपदीय रैली, नेशनल जंबूरी में प्रतिभागिता, परिषद की बैठक आयोजित करने, आय व्यय का विवरण, आदि पर विचार किया गया। बैठक में जिला आयुक्त श्रीमती इंदिरा तिवारी, श्री ओम प्रकाश शुक्ला, श्री विजय सिंह, श्रीमती अनुपमा तिवारी, डॉ भूपेंद्र वीर सिंह कोषाध्यक्ष, ऋषिकेश पांडेय संयुक्त सचिव, चंद्रकांत शुक्ला अखिलेश कुमार सिंह, श्रीमती रणजीत सिंह, श्रीमती साधना पांडेय, श्रीमती प्रसूनलता सिंह, डॉ राकेश सिंह, असद नोमानी, श्री अखिलेश कुमार चौहान डीटीसी स्काउट, श्री दिनेश कुमार सचिव, अरविंद कुमार पांडेय, राजेश तिवारी सहित सम्मानित कार्यकारिणी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया । बैठक का संचालन श्री राजेश कुमार यादव डीओसी स्काउट ने किया ।

## मण्डल – मिर्ज़ापुर

### जनपद – भदोही

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद भदोही में दिनांक 07 जुलाई 2025 को पुलिस लाइन परिसर में मार्क ड्रिल प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य स्काउट-गाइड्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क एवं परेड कौशल का विकास करना रहा। कार्यक्रम में जिला अधिकारी श्री शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अभिमन्यु मांगलिक, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री अंसुमान जी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री चंद्रेश राय एवं जिला संगठन आयुक्त श्री नागेश्वरण प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को मार्क ड्रिल, परेड संचालन, अनुशासनात्मक गतिविधियों एवं आपसी समन्वय के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा स्काउट-गाइड्स को सही ढंग से कदमताल, सलामी, गठन एवं कमांड के पालन की बारीकियों से अवगत कराया गया। जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने स्काउट-गाइड आंदोलन की सराहना करते हुए इसे समाज निर्माण का सशक्त माध्यम बताया।






# मण्डल – वाराणसी

## जनपद – वाराणसी







भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार के आशीर्वाद से श्री जयप्रकाश दक्ष सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त के नेतृत्व में जिला संस्था वाराणसी में सुभाष चंद्र अकादमी स्कूल चक्रमा, चोलापुर वाराणसी चार दिवसीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन किया गया। बहुत ही बेहतरीन और सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा संचालित हुआ I प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ द्वारा नामित मुख्य परीक्षक श्री गौरव सिंह, श्री अमित शुक्ला एवं श्रीमती प्रीति मिश्रा, श्रीमती कायमा इस्लाम ने स्काउट / गाइड छात्रों का परीक्षा बड़े ही बारीकी से लिया। उक्त शिविर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विकास कुमार पाण्डेय के अथक सहयोग से बहुत ही अच्छे से संचालित हुआ। श्री अमिताभ पाठक, रामेश्वरी वर्मा DOC, डॉ०मीना कुमारी DTC, ज्योत्सना बिन्द DOC गाजीपुर, राकेश मिश्रा DOC जौनपुर, इत्यादि लोग उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया

## जनपद – MGKVP वाराणसी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के द्वारा बिगिनर्स कोर्स का आयोजन बसमत्ती देवी संकटा प्रसाद महिला महाविद्यालय खोचवां वाराणसी में किया गया। जिला मुख्यायुक्त प्रो० रमाकान्त सिंह ने कहा कि स्काउट और गाइड का उद्देश्य केवल खेल-खेल में समय बिताना या नियम सीखना नहीं है, बल्कि यह जीवन को अनुशासन, सेवा और साहस के मूल्यों से भर देना है। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री जय प्रकाश दक्ष ने कहा कि आज की दुनिया को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है, जो नैतिकता, सेवा और नेतृत्व से ओतप्रोत हों। संस्था के संयुक्त सचिव जाकिर हुसैन ने कहा कि आप इस बिगिनर्स कोर्स से मिली सीख को केवल कक्षा या शिविर तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएँ। बिगिनर्स कोर्स में जिला आयुक्त रेंजर डॉ प्रतिभा सिंह, सहायक जिला आयुक्त रोवर डॉ विकास राय,जिला प्रशिक्षण आयुक्त रेंजर रितेशनी मिश्रा, रोवर श्री निलेश जायसवाल, जिला संगठन आयुक्त डॉ नौशाद अली के साथ ही विभिन्न महाविद्यालय से पचास से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए । जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आए हुए लोग उपस्थित रहे |












# मण्डल – बरेली

## जनपद – बरेली





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बरेली की जिला परिषद की बैठक 28-08-2025 को बिशप मंडल इंटर कॉलेज बरेली में संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी की प्रतिनिधि सुश्री निधि शुक्ला एस०डी०एम० बरेली के द्वारा की गयी। बैठक में गत वर्ष 2024-25, 2025-26 कार्यक्रमों पंजीकरण, नवीनीकरण, 10% अंशदान, प्रशिक्षण, प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा जारी कार्यक्रमों ,राष्ट्रीय जम्बूरी आदि पर चर्चा की गयी। ए०एस०ओ०सी० बरेली मंडल श्रीमती नेहा कटियार जी ने प्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ0 गिरीश चंद्र यादव प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक, डॉ0 सपना तिवारी प्रतिनिधि डायट प्राचार्य आदि पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

## जनपद – पीलीभीत

पीलीभीत में भारी बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया था और मानव जीवन मुश्किलों का सामना कर रहा था वहीं शारदा नदी के आसपास रहने वाले भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के स्वयं सेवक इस मुसीबत की मे लोगों की सेवा के लिए आए जहाँ लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा था वहाँ स्काउट खाना बना रहे हैं और पानी के निकलने मे मदद कर रहे हैं इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला संगठन आयुक्त स्का०/गा० अभिषेक पांडे, शालिनी पांडे व आदि पदाधिकारियों ने बधाई व उत्साह दिया।









## जनपद – मुज़फ्फरनगर





सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु मॉक ड्रिल का सफल आयोजन स्थान: इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर मुजफ्फरनगर तारीख: 19/09/2025 आज भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी सुनिश्चित करने हेतु एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को आग, भूकंप अथवा अन्य आपदाओं की स्थिति में त्वरित, सुरक्षित और संगठित तरीके से कार्य करने का अभ्यास कराना था। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन के समस्त अधिकारी ADM-F, SP Crime, मुख्य चिकित्सा, जिला पूर्ति अधिकारी व संस्था भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारी मेरठ एवं सहारनपुर मंडल सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त अमित कुमार, DOC भारत भूषण अरोरा, रेनू गर्ग को सुरक्षा मार्गों की जानकारी दी गई और आपातकालीन निकासी की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने पूरे अनुशासन और तत्परता के साथ मॉक ड्रिल में भाग लिया। अंत में प्रतिभागियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश और सावधानियाँ भी बताई गईं।

## जनपद – शामली



# मण्डल – सहारनपुर

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद शामली के तत्वाधान में 12 अगस्त 2025 को "एक जनपद -एक गतिविधि" के अंतर्गत जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में पानी के संरक्षण से संबंधित जानकारी देने के लिए गोष्ठियां की। जल संरक्षण जागरूकता रैली में बाबू जवान सिंह इंटर कॉलेज खंद्रावली के लगभग 500 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा शपथ ली कि हम घर-घर जाकर जल संरक्षण के लिए समाज के लोगों को जागरुक करते रहेंगे। रैली को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष, मुख्यायुक्त, जिला सचिव एवं प्रधानाचार्य श्री विकास कुमार, डी०ओ०सी०गाइड एवं डी०टी०सी०गाइड का विशेष सहयोग रहा।

## जनपद – सहारनपुर





भारत स्काउट और गाइड उ०प्र०. के प्रादेशिक मुख्य आयुक्त माननीय डॉ प्रभात कुमार जी के निर्देशन में एवं सहा० प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री अमित कुमार जी के संरक्षण में तथा जिला मुख्यायुक्त श्री शिपू गिरी जी (आई.ए.एस.) एवं जिला सचिव श्री दीपक कुमार गुप्ता जी के आशीर्वाद से आज दिनाँक 21/09/2025 अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें जनपद सहारनपुर में स्थित मानव मंदिर वृद्ध आश्रम जिसमें अनाथ व्यक्ति एवं परिवार रहते हैं जिनको जरा संस्था के द्वारा एवं स्काउट और गाइड के द्वारा खाद्य सामग्री एवं परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया एवं विश्व शांति दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया तत्पश्चात मानव मंदिर वृद्ध आश्रम में वृद्ध पुरुष महिलाओं को जीवन उपयोगी आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया जिसमें स्काउट गाइड द्वारा बेसहारा पुरुष एवं वृद्ध महिलाओं और स्काउट गाइड द्वारा आश्रम की पूर्ण सफाई की गई और और समाज में संदेश दिया गया कि मानव सेवा ही पूजा है आश्रम की वृद्ध महिलाओं ने सभी स्काउट और गाइड एवं स्काउट और गाइडर एवं सभी पदाधिकारी की प्रशंसा की।

# मण्डल – चित्रकूट

## जनपद – हमीरपुर



आज दिनांक 20/09/2025 को प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक श्री शिवनारायण सिंह की अध्यक्षता में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, हमीरपुर की जनपदीय संगोष्ठी स्थान – राजकीय इण्टर कॉलेज, हमीरपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में दल पंजीकरण/ नवीनीकरण/बकाया नवीनीकरण, अंशदान, जंबूरी, प्रथम सोपान /द्वितीय सोपान/तृतीय सोपान/राज्य पुरस्कार, स्काउटर/गाइडर प्रशिक्षण आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राज्य पुरस्कार–2025 से सम्मानित श्री रामप्रकाश गुप्ता प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। बैठक में श्री दयाशंकर त्रिपाठी जिला मुख्यालय आयुक्त (स्काउट), श्रीमती स्मृति त्रिपाठी जिला मुख्यालय आयुक्त (गाइड), श्री शिवप्रताप सिंह सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) झांसी/ चित्रकूट धाम मण्डल, श्री रामनारायण वर्मा जिला सचिव, श्री महेन्द्र सिंह यादव जिला कोषाध्यक्ष, श्री रमाकांत सहायक जिला सचिव, श्री तारासिंह जिला संगठन आयुक्त (स्काउट),श्री राजकरण सहित जनपद के विभिन्न विद्यालयों से सम्मानित प्रधानाचार्यो/प्रधानाचार्याओं ने प्रतिभाग किया।

# मण्डल – बस्ती

## जनपद – बस्ती







भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश मण्डल बस्ती की मण्डलीय स्काउट गाइड समिति की बैठक संयुक्त शिक्षा निदेशक मंडल बस्ती श्री आनंदकर जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, अपने सम्बोधन में आनन्दकर जी ने कहा कि नेशनल जम्बुरी स्काउट गाइड के लिए एक सुअवसर होता है राज्यों और कुछ विदेशी स्काउट गाइड से मिलने और उनकी संस्कृति सभ्यता को जानने समझने की, कहा कि तीनों जनपदों के जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जम्बुरी पंजीकरण करवाते हुए प्रतिभागियों के आने जाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें, वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार कार्य सुनिश्चित करें, उप शिक्षा निदेशक बेसिक बस्ती मण्डल/ डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि जम्बुरी के अलावा भी स्काउटिंग में आने वाले किसी भी अवरोध का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा, धीरेंद्र तिवारी प्राचार्य (डायट) संत कबीर नगर, अमित कुमार सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संत कबीरनगर, आलोक कुमार कुशवाहा ADIOS बस्ती, एडल्ट रिसोर्स कमिश्नर स्काउट डॉ हरेंद्र प्रताप सिंह, जिला स्काउट कमिश्नर हरिराम बंसल, करुणा कांत, जिला मुख्यायुक्त समर बहादुर सिंह, जिला गाइड कमिश्नर संधिला चौधरी, अर्चना सिंह, कोषाध्यक्ष विद्याधर वर्मा, जिला सचिव डॉ कुलदीप सिंह, अजय शंकर उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सत्या पांडेय, इत्तेखरुंननिशा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट भूपेश कुमार सिंह, अमरेश सिंह, रजित कुमार, जिला स्काउट मास्टर मनोज कुमार अनिल, महेश कुमार, जिला गाइड कैप्टन रेनू अग्रहरि, अर्चना वर्मा, डीओसी रमेश कुमार, अमित कुमार शुक्ल, ट्रेंनिग काउन्सलर आदर्श मिश्रा, विजय कुमार प्रमोद, मुस्कान, चांदनी गरिमा, नंदिनी आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जनपद – संतकबीर नगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद संत कबीर नगर में स्काउट गाइड के अध्यापक और अध्यापिकाओं का एक दिवसीय विग्नर्सकोर्स का संपन्न हुआ कार्यक्रम हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के अरविंद ऑडिटोरियममें संपन्न हुआ जिसमें बेसिक शिक्षा परिषद से और माध्यमिक विद्यालयों के 100 प्रतिभागियों ने प्रतिभागकिया है प्रशिक्षण शिविर में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बस्ती मंडल श्री राकेश सैनी जी ने समस्त प्रतिभागियों को स्काउट गाइड की उपयोगिता एवं महत्व पर जानकारी दिया जिससे कि वे अपने विद्यालयों में जाकर के और छात्रों के बीच स्काउट गाइड के माध्यम से उन्हें देश सेवक समाज सेवा जैसे सेवा कार्य के लिए प्रेरित करें कार्यक्रम का उद्घाटन जिला गाइड कमिश्नर श्रीमती निशा यादव एवं समापन जिला सचिव श्री रविप्रकाश श्रीवास्तव ने किया प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण आयुक्त श्री अमरेश बहादुर सिंह जिला स्काउट मास्टर मनोज कुमार अनिल जिला संगठन कमिश्नर श्री रमेश चंद्र यादव विकास कुमार रेणु कुमारी कैप्टन रामकेश चौधरी रोवर लीडर शोएब अख्तर जीशान अंसारी रजिया अंसारी पल्लवी आदि ने अपना योगदान दिया






Follow us on
facebook
Bharat Scout Guide UP
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
प्रादेशिक मुख्यालय : महानगर, लखनऊ

# स्काउट/ गाइड प्रश्नोत्तरी

# BSG ज्ञान विवज़

For : Cub / Bulbul
Scout / Guide
Rover / Ranger

## कब/बुलबुल :-

प्रश्न 01 - कब का आदर्श वाक्य क्या है ?
(A) मुस्कराते रहो (B) तैयार रहो (C) सेवा करो (D) कोशिश करो

प्रश्न 02 – किम का पूरा नाम क्या था ?
(A) किम किपलिंग (B) कैनेडी किम (C) किम्बल ओ हारा (D) बेडेन पावेल

प्रश्न 03 - 'द जंगल बुक किस लेखक की कहानियों का संग्रह है ?
(A) लार्ड बेडेन पावेल (B) रुडयार्ड किपलिंग
(C) मोगली (D) महात्मा गाँधी

प्रश्न 04 - 'द जंगल बुक का प्रकाशन कब हुआ ?
(A) 1907 (B) 1894 (C)1908 (D) 1857

प्रश्न 05 - कब/बुलबुल का सदस्यता बैज किस रंग का होता है ?
(A) हरा (B) लाल (C) नीला (D) पीला

प्रश्न 06 – बैज का शाब्दिक अर्थ क्या होता है ?
(A) पुरस्कार (B) पदक (C) योग्यता (D) पुस्तक

प्रश्न 07 – पैक किसको कहते है ?
(A) लोमड़ी का झुण्ड (B) भेड़ीयों का झुण्ड
(C) शेर का झुण्ड (D) मोगली का झुण्ड

प्रश्न 08 तबाकी अपना जीवन निर्वाह कैसे करता था ?
(A) भेडियों और शेरखां की जूठन खा कर (B) मोगली का जूठन खाकर
(C) शिकार करके (D) लोमड़ी से खाना साझा कर

प्रश्न 09 - स्काउटिंग है ?
(A) बालचर आन्दोलन (B) राजनैतिक आन्दोलन
(C) इंग्लैण्ड का आन्दोलन (D) भारतीय आन्दोलन

प्रश्न 10 – कब/बुलबुल में किस वय वर्ग के बच्चे होते है ?
(A) 03 – 05 वर्ष (B) 05 – 10 वर्ष
(C) 09 – 17 वर्ष (D) 04 – 10 वर्ष

## स्काउट/गाइड :-

प्रश्न 01 - लार्ड बेडेन पावेल का विवाह कब हुआ था ?
(A) 1912 (B) 1913 (C) 1982 (D) 1891

प्रश्न 02 – लार्ड बेडेन पावेल की स्काउटिंग को प्रारम्भ करने की प्रेरणा कहाँ से मिली ?
(A) अफ्रीका के बोअर युद्ध में (B) चिली के युद्ध में
(C) क्रिस्टल पैलेस की रैली में (D) ब्राउन्सी द्वीप के प्रथम कैम्प में

प्रश्न 03 - 'स्काउटिंग फॉर ब्वायज' का प्रथम संस्करण कब प्रकाशित हुआ ?
(A) 1898 (B) 1908 (C) 1907 (D) 1909

प्रश्न 04 - ब्रिटेन के बाहर स्काउटिंग प्रारम्भ करने वाला देश था?
(A) अमेरिका (B) दक्षिणी अफ्रीका (C) चिली (D) भारत

प्रश्न 05 - WAGGGS की स्थापना कब हुई ?
(A) 1828 ई. (B) 1947 ई. (C) 1908 ई. (D) 1928 ई.

प्रश्न 06 – क्रिस्टल पैलेस लन्दन की पहली स्काउट रैली में कितनी लड़कियों ने प्रतिभागिता की थी ?
(A) 16 (B) 07 (C) 08 (D) 32

प्रश्न 07 – अमेरिका में स्काउट आन्दोलन शुरू करने का श्रेय किसे जाता है ?
(A) जे.डी. विलियम वायस (B) रुडयार्ड किपलिंग
(C) लार्ड बेडेन पावेल (D) क्रिस्टफर कोंलम्बस

प्रश्न 08 लार्ड बेडेन पावेल को उनके घर के लोग बचपन में किस नाम से बुलाते थे ?
(A) बी. पी. (B) बेडेन (C) स्टी (D) बीटल

प्रश्न 09 - लार्ड बेडेन पावेल के पालतू कुत्ते का नाम था ?
(A) स्टी (B) पेशन्स (C) बीटर (D) टाइगर

प्रश्न 10 – लार्ड बेडेन पावेल द्वारा लिखी पहली पुस्तक का नाम है ?
(A) स्काउटिंग फॉर ब्वायज (B) जंगल बुक
(C) रिकोनेसैन्स एण्ड स्काउटिंग (D) एड्स टू स्काउटिंग

## रोवर/रेंजर :-

प्रश्न 01 - रोवर/रेंजर का सामान्य आयु वर्ग है ?
(A) 17-25 वर्ष (B) 15-25 वर्ष (C) 18-25 वर्ष (D) 15-30 वर्ष

प्रश्न 02 – रोवर/रेंजर को सामान्य आयुवर्ग के पश्चात किसकी विशेष स्वीकृति से 03 वर्ष की समयावधि अतिरिक्त प्रदान की जा सकती है ?
(A) प्रादेशिक मुख्यायुक्त (B) प्रादेशिक सचिव
(C) प्रादेशिक अध्यक्ष (D) नेशनल काउंसिल

प्रश्न 03 - एक रोवर-क्रू/रेंजर टीम में कम से कम कितने सदस्य होने चाहिए ?
(A) 08 (B) 04 (C) 06 (D) 05

प्रश्न 04 - रेंजर लीडर के रूप में नियुक्त हेतु कितनी आयु होना चाहिए ?
(A) 18 वर्ष (B) 21 वर्ष (C) 20 वर्ष (D) 25 वर्ष

प्रश्न 05-रोवर स्काउट लीडर/रेंजर लीडर की नियुक्ति कौन करता है ?
(A) जिला मुख्यायुक्त (B) प्रादेशिक आयुक्त
(C) प्रादेशिक सचिव (D) प्रादेशिक मुख्यायुक्त

प्रश्न 06 – सहायक रोवर स्काउट लीडर/सहायक रेंजर लीडर का पद बैज कैसा होता है ?
(A) लाल रंग का लाल बॉर्डर वाला (B) हरे बॉर्डर वाला लाल रंग का (C) लाल बॉर्डर वाला हरे रंग का (D) हरे बॉर्डर वाला हरे रंग का

प्रश्न 07 – सीनियर रोवर मेट द्वारा कमीज की बायी जेब पर लगाने वाली पट्टीयों(Three Red Vertical strips) की माप होती है ?
(A) 6 cm x 1.5 cm (B) 6 cm x 2 cm
(C) 4 cm x 1.5 cm (D) 6 cm x 2 cm x 1.5 cm

प्रश्न 08 रोवरिंग/रेंजरिंग का प्रारम्भ किस वर्ष में हुआ?
(A) 1907 (B) 1911 (C) 1913 (D) 1918

प्रश्न 09 - रोवरिंग में पांच चट्टानों में पहली चट्टान "हार्सेज" किससे संबंधित है ?
(A) खेल (B) मनोरंजन (C) सट्टा लगाना (D) सुखाशक्ति

प्रश्न 10 – "रोवरिंग टू सक्सेस" पुस्तक प्रकाशित हुई ?
(A) 1909 (B) 1922 (C) 1912 (D) 1913

उक्त प्रश्नों के उत्तर पृष्ठ संख्या 15 पर देख सकते है |




**उत्तर माला : स्काउट/ गाइड प्रश्नोत्तरी**

कब/बुलबुल – 1-D, 2-C, 3-B, 4-B, 5-C, 6-B, 7-B, 8-A, 9-A, 10-B
स्काउट/गाइड – 1-A, 2-A, 3-B, 4-C, 5-D, 6-B, 7-A, 8-C, 9-C, 10-C
रोवर/रेन्जर – 1-B, 2-A, 3-C, 4-B, 5-D, 6-B, 7-A, 8-D, 9-C, 10-B

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH

OCT – 2025 (JULY – SEP) 2025)
Vol. SHQ-BSGUP -018

# Glimpses of activates




## OUR SOCIAL ACCOUNTS




**This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….**

**Please Visit & Share Our Website**

**www.bsgup.org**



Like our FB Page
facebook.com/bsgup.org



Tweets @ BSGUP
twitter.com/bsgup



Follow our Instagram Page
instagram.com/bsgup official




Share & Subscribe our Youtube Channel
**BSGUP Official**

**BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH**

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow

**Email : upscoutsguides@yahoo.com**

**For Magazine : itbsgup@gmail.com**

**To,**